दिनांक 06.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन में सफाई की जो प्राथमिकता है वह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार का संक्रमण बिमारी न फैले इसके लिए हमसब को सजग रहना होगा। अब सम्पूर्ण निगम क्षेत्र की सफाई व्यवस्था बीट बनाकर रुट चार्ट के आधार पर किया जायेगा। जन स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू ने निगम सभागार में निगम स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक , प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाईजर, स्वच्छता पर्यवेक्षक, के साथ ही सफाई कामगारों की बैठक लेकर उक्त निर्देश दिये।

बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा ने कहा कि जो निर्देश दिये जा रहें हैं सफाई के संबंध में क्षेत्र में उसका अक्षरशः पालन होना चाहिए। आपके जोन के वार्डों में नालियां एवं सड़को की सफाई नियमित रुप से तो हो रही है लेकिन सफाई कामगारों को बीट निर्धारित नहीं होने के कारण वे प्रतिदिन कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश की प्रतिक्षा करते हैं। जिससे कार्य के घण्टे प्रभावित होते हैं इस स्थिति से बचने के लिए सम्पूर्ण वार्ड के मोहल्लों को बीट में बांटकर प्रतिदिन सफाई करें। सफाई के बाद सफाई स्थल के प्रारम्भ से अंत दोनों स्थानों पर सफाई की तारीख लिखें ताकि उच्चाधिकारियों को भ्रमण के दौरान स्पष्ट हो कि इस क्षेत्र की सफाई कब की गई है। स्वास्थ्य प्रभारी श्री राजू ने स्वास्थ्य अमले से कहा कि घर से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग ही संग्रहित करें। चौक-चौराहें नुक्कड़ पर कहीं भी शहर में कचरा बेतरतीब नजर नहीं आनी चाहिए इससे स्वच्छता रैंकिंग में विपरित प्रभाव पड़ेगा। उन्होने कहा कि महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त एस0के0 सुंदरानी का स्पष्ट निर्देश है

जनसम्पर्क अधिकारी